हिन्दी साान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–149 : जौनपुर, शनिवार 11 फरवरी 2023 साान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## आगरा अयोध्या और वाराणसी सहित 30 प्रमुख शहरों में जापान का एचएमआई ग्रुप खोलेगा होटल

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री की पर्यटन विकास की कोशिशों और यूपी के औद्योगिक माहौल से प्रभावित जापान के प्रसिद्ध होटल समूह होटल मैनेजमेंट इंटरनेशनल कम्पनी लिमिटेड (एचएमआई) यूपी में 30 नए होटल स्थापित करने जा रही है। लखनऊ में चल रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दूसरे दिन जापानी कंपनी ने प्रदेश सरकार के साथ इस संबंध में 7200 करोड़ के निवेश का समझौता किया। जापान के प्रमुख शहरों में 60 से अधिक होटल संचालित कर रहे एचएमआई ग्रुप के निदेशक, पब्लिक रिलेशन टाकामोटो योकोयामा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश की पर्यटन संभावनाओं को जमीन पर उतारने के प्रयासों से होटल इंडस्ट्री के लिए अपार संभावनाएं बनी हैं। वाराणसी में श्रीकाशीविश्वनाथ धाम कॉरीडोर के विकास के बाद वहां बड़ी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। यह हमारे लिए अनुकूल अवसर है। यूपी की औद्योगिक नीतियां एचएमआई समूह को प्रोत्साहित करने वाली हैं। ऐसे में एचएमआई समूह आगरा, वाराणसी और अयोध्या सहित 30 प्रमुख स्थानों पर अपने होटल चेन का विस्तार करेगी। इससे यहां के 10 हजार से अधिक लोगों के लिए नौकरी के प्रत्यक्ष मौके भी बनेंगे। इससे पहले, दधीचि सभागार में 'उत्तर प्रदेश में जापान और भारत के बीच विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी का क्रियान्वयन' विषयक महत्वपूर्ण सत्र में विदेश मंत्रालय, भारत सरकार में सलाहकार (जापान) प्रो. अशोक चावला ने वर्ष 2000 से 2014 और 2014 से 2022 के अलग–अलग कालखंड में भारत और जापान के राजनीतिक, रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों की तुलनात्मक चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में तत्कालीन जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे का भारत दौरा हुआ तो 2016 में प्रधानमंत्री मोदी जापान गए। 2017 में शिंजो आबे अहमदाबाद आए और हाईस्पीड रेल के बारे में कार्ययोजना बनी तो 2018 में प्रधानमंत्री मोदी पुनः जापान गए। लगातार होने वाले इन शीर्ष नेताओं के दौरे से दोनों देशों के बीच गहरा विश्वास पैदा हुआ है, जिसका सकारात्मक असर द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों पर भी देखने को मिला है। स्वास्थ्य, ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स, होटल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, टेक्सटाइल, स्टील, रियल एस्टेट, लेदर आदि सेक्टर में निवेश में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई है। ग्रेटर उत्तर प्रदेश भी इससे लाभान्वित हो रहा है। ग्रेटर नोएडा में जापान इंडस्ट्रियल टाउनशिप का विकास हो रहा है। यूपी जीआईएस के मौके पर आए जापानी दल का स्वागत करते हुए उन्होंने जापानी उद्योग जगत को उत्तर प्रदेश अनुकूल माहौल मिलने का भरोसा भी दिया, साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार को जापान सरकार अथवा जापानी व्यापारिक समुदाय से संपर्क–संवाद में विदेश मंत्रालय की ओर से हर सम्भव सहयोग के लिए आश्वस्त भी किया। यामानाशी हाइड्रोजन कंपनी के चेयरपर्सन यामानाशी शिमिजू ने भारत और जापान के प्राचीन लोकतांत्रिक मूल्यों के हवाले से दोनों देशों के मजबूत बीच सांस्कृतिक संबंधों को रेखांकित किया। वहीं दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को बढ़ावा देने में अपनी कंपनी की ओर से प्रतिबद्धता भी जताई। उन्होंने कहा कि



जापानी कंपनियों की यह विशेषता है कि वह बगैर गहन अध्ययन के व्यापारिक समझौते नहीं करती और अगर एक बार निवेश के लिए कदम बढ़ा दिया तो उसे समय सीमा के अनुसार जरूर पूरा करती हैं। उनकी कंपनी हाइड्रोजन ऊर्जा के क्षेत्र में काम करती है और यहां यूपी में बड़े प्रोजेक्ट की लिए तैयारी कर रही है। वहीं निर्माणाधीन जेवर एयरपोर्ट को वैश्विक व्यापार की दृष्टि से बेहद उपयोगी करार दिया। पार्टनर कंट्री जापान के इस खास सत्र में उत्तर प्रदेश में निवेश कर रहे जापानी निवेशकों ने अपने अनुभव भी साझा किए। इनमें वेस्ट मैनेजमेंट सेक्टर में काम रहे वन वर्ल्ड कॉर्पोरेशन के सीईओ (रिप्रेजेंटेटिव डायरेक्टर) टोमोकी आईटो, नवीकरणीय ऊर्जा सेक्टर की कंपनी ओएमसी पॉवर के सीईओ अजय कुमार, एनपीआई कम्पनी लिमिटेड, टोक्यो के प्रेसिडेंट नरेंद्र उपाध्याय, सोलर एनर्जी सेक्टर की कंपनी वीणा इंटरप्राइजेज की डायरेक्टर दीपशिखा महाजन प्रमुख रहे। निवेशकों ने उत्तर प्रदेश में अपनी कंपनी के निवेश, क्रियाशील प्लांट, अपने क्लाइंट्स, टर्नओवर कार्यप्रणाली और भावी रणनीति के बारे में भी जानकारी दी। बता दें कि पिछले 5 वर्षों में उत्तर प्रदेश से जापान को निर्यात 2.7 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ा है। उत्तर प्रदेश ने 2021 में जापान को कुल 122 मिलियन अमरीकी डालर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया। वर्ष 2020 में कोविड प्रभाव के बाद, वर्ष 2021 में यूपी से जापान को निर्यात में लगभग 86 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दर्ज की गई, जो भविष्य में विकास की उच्च संभावना का संकेत देता है। पिछले 3 वर्षों के दौरान 12 चुनिंदा क्षेत्रों ने जापान को यूपी के निर्यात में लगभग 82 प्रतिशत का योगदान दिया। इनमें मशीनरी व उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स व इलेक्ट्रिकल ऑर्गेनिक केमिकल, ऑटो कंपोनेंट, अपैरल, चमड़े के सामान और जूते–चप्पल, कॉरपेट, लोहे और स्टील आर्टिकल्स आदि प्रमुख हैं।

## रामपुर बक्सा एस0ओ0जी0 व सर्विलांस की संयुक्त टीम के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में शातिर लुटेरा अपहरणकर्ता के दो सदस्य गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रामपुर,बक्सा ,एस0ओ0जी0 व सर्विलांस की संयुक्त टीम के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में शातिर लुटेरे व अपहरणकर्ता टीम के दो सदस्य गिरफ्तार/घायल, दोनो के पैर में लगी गोली, कब्जे से तमंचा कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, व लूट के नकदी बरामद किया। डॉ0 अजयपाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ जौनपुर के परवेक्षण में, दिनांक–11.02.2023 थानाध्यक्ष रामपुर मय हमराह गोपालापुर मोड़ पर अपराध नियंत्रण हेतु संदिग्ध व्यक्तियो/वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। उसी समय प्रभारी एसओजी, प्रभारी सर्वीलान्स व थानाध्यक्ष बक्सा टीम के साथ आये और अपराध व अपराधियो के रोकथाम के सम्बन्ध मे आपस मे चर्चा की जा रही थी कि मुखबिर खास से सूचना मिली शातिर लुटेरे व अपहरणकर्ता टीम के दो बदमाश कसेरू बाजार की तरफ से रामपुर बाजार होते हुए जौनपुर जाने वाले हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम कोटिगांव नहर पुलिया के पास पहुँची। कुछ देर बाद एक मोटरसाइकिल पर दो सवार व्यक्ति कसेरू बाजार से रामपुर बाजार की ओर आते हुए दिखाई दिये, जिन्हे रूकने का इशारा किया गया तो बदमाश अपनी मोटरसाइकिल तेजी से चलाते हुए भागने लगे और हड़बड़ाहट में गिर गये। मोटरसाइकिल सवार दोनो व्यक्ति जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर करने लगे, जिससे एक गोली थानाध्यक्ष रामपुर के बुलेट फ्रूफ जैकेट पर लगी तथा एक गोली थानाध्यक्ष बक्सा के बगल से निकल गयी। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया। आत्मरक्षार्थ चेतावनी देते हुए पुलिस टीम द्वारा फायर किया गया जिससे बदमाश घायल होकर गिरे पड़े थे। घायल बदमाशो से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम विनोद यादव पुत्र रमेश यादव ग्राम सिरौली थाना रामपुर जनपद जौनपुर व दूसरे ने अपना नाम रूस्तम अंसारी पुत्र मोहम्मद मुस्लिम अंसारी निवासी सहाबुद्दीनपुर थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर बताया। जिनके पास से तमंचा कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, लूट की नकदी बरामद हुई। घायल बदमाशों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–28/23 धारा–307/411 भादवि व मु0अ0स 29/23,30/23 धारा 3/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तों उपरोक्त की गिरफ्तारी से जनपद में इस तरह के अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। नाम पता अभियुक्त व आपराधिक इतिहास– 1. रूस्तम अंसारी पुत्र मोहम्मद मुस्लिम अंसारी निवासी सहाबुद्दीनपुर थाना गौराबादशाहपुर



जनपद जौनपुर उम्र करीब 30 वर्ष । 1.मु0अ0सं0–22/23 धारा–323/365/395/504/506 आईपीसी थाना रामपुर जौनपुर । 2. मु0अ0सं0–25/23 धारा–411/413/414/420/467/468/471 व 120बी भादवि थाना रामपुर जनपद जौनपुर 3.मु0अ0सं0–28/23 धारा–307/411 आईपीसी थाना रामपुर जनपद जौनपुर 4.मु0अ0सं0–30/23 धारा–3/25 आर्मस एक्ट थाना रामपुर जौनपुर । 5.मु0अ0सं0 287/18 धारा –147/148/149/295/323/504/506 भादवि थाना केराकत जौनपुर । 6.मु0अ0सं0 316/18 धारा –356/411भादवि थाना केराकत जौनपुर । 7.मु0अ0सं0 330/18 धारा दृ 411/413/414/419/420/467/468/471 भादवि थाना केराकत जौनपुर 8. मु0अ0सं0 332/18 धारा – 27 आर्मस एक्ट थाना केराकत जौनपुर । 9.मु0अ0सं0 265/19 धारा–392/411 भादवि थाना मड़ियाहूँ जौनपुर । 10. मु0अ0सं0 274/19 धारा –379/411 भादवि थाना मड़ियाहूँ । 11.मु0अ0सं0 276/19 धारा –411/413/414 भादवि थाना मड़ियाहूँ । 12.मु0अ0सं0 129/18 धारा–419/420 थाना सरपतहां जौनपुर । 13. मु0अ0सं0 292/18 धारा दृ 380/411/457 भादवि थाना सरायख्वाजा जौनपुर नाम पता अभियुक्त व आपराधिक इतिहास– 1. विनोद यादव पुत्र रमेश यादव ग्राम सिरौली थाना रामपुर जनपद जौनपुर उम्र करीब 24 वर्ष । 1.मु0अ0सं0–22/23 धारा–323/365/395/504/506 आईपीसी थाना रामपुर जौनपुर । 2.मु0अ0सं0–25/23 धारा–411/413/414/420/467/468/471 व 120बी भादवि थाना रामपुर जनपद जौनपुर 3.मु0अ0सं0–28/23 धारा–307/411 आईपीसी थाना रामपुर जनपद जौनपुर 4.मु0अ0सं0–29/23 धारा–3/25 आर्मस एक्ट थाना रामपुर जौनपुर । बरामदगी का विवरण– 1.घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल पल्सर काले रंग की 2.दो तमंचा 315 बोर मय 03 जिन्दा कारतूस व दो खोखा कारतूस 315 बोर। 3.लूट की 1870 रूपया नगद । 4. 02 मोबाईल फोन । गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1 दिव्य प्रकाश, थानाध्यक्ष थाना रामपुर जौनपुर मय हमराह 2. त्रिवेणी सिंह थानाध्यक्ष थाना बक्सा जौनपुर मय हमराह 3. रामजनम यादव, प्रभारी सर्विलॉस जौनपुर । 4. मनोज कुमार सिंह, प्रभारी एसओजी जौनपुर मय हमराह 5. शिवप्रकाश पाठक, प्रभारी चौकी सिधवन थाना रामपुर जौनपुर। 6. कश्यप कुमार सिंह,चौकी प्रभारी जमालापुर थाना रामपुर जौनपुर।

## पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट www.Desh ki upasana.com का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## वसुधैव कुटुंबकम" पर आधारित था पंडितजी का चिंतन –प्रो. अजय द्विवेदी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में स्थापित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ के तत्वावधान में शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर शिक्षकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर छात्र अधिष्ठाता कल्याण प्रो. अजय द्विवेदी ने कहा कि पंडित जी का चिंतन भारतीय संस्कृति "किड़वन्तो विश्वमार्यम्" ,"सर्वे भवंतु सुखिनः", "वसुधैव कुटुंबकम" के मूल मंत्र पर आधारित है। पंडित जी की



दृष्टि में विकास हमेशा समग्र एवं एकात्म होना चाहिए। पंडित जी का मानना था कि आर्थिक और सामाजिक विषमता को कम करते हुए खुशहाली और समृद्धि लाने के लिए हमें समाज की सबसे छोटी इकाई के परिवार तक आत्मनिर्भरता लानी होगी। वर्तमान भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार इस दिशा में सोचते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों को व्यावहारिक जमीन पर उतार रही है। जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चिंतन पर चलकर ही भारत विश्वगुरु बन सकता है। पश्चिम का विकास मानव जीवन के केवल दो पुरुषार्थ अर्थ और काम पर केंद्रित है, जबकि भारतीय संस्कृति पुरुषार्थ चतुष्टय पर आधारित है। पश्चिम की यह सोच समग्र विकास का द्योतक नही है। इसके साथ ही चतुर्दिक पुरुषार्थ के सभी पहलू धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का समन्वित विचार लेकर आगे बढ़ना होगा। यही पंडित दीनदयाल जी के दर्शन में निहित है। शोधपीठ के सदस्य डॉ अनुराग मिश्र ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी के एकात्म मानव दर्शन को छात्रों और आम जनमानस तक पहुंचाने के लिए शोधपीठ लगातार प्रयासरत है। प्रतिवर्ष पंडित दीनदयाल जी के विचारों को लेकर लगातार राष्ट्रीय संगोष्ठी, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता, सिंपोजियम और वर्कशॉप आदि का आयोजन होता रहता है। इस अवसर पर प्रो. राम नारायण, डॉ सुनील कुमार, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ चंदन सिंह, डॉ अवध बिहारी सिंह, डॉ राहुल कुमार राय, डॉ अंकित कुमार, डॉ वनिता सिंह, डॉ दिनेश कुमार सिंह, डॉ इंद्रजीत सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस पर आईजी जोन ने सुनी जनता की फरियाद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शनिवार को समाधान दिवस के अवसर पर मनीष कुमार वर्मा, जिला अधिकारी जौनपुर व अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा समाधान दिवस के अवसर पर थाना सिकरारा पर जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर नियमानुसार त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस क्रम में के0 सत्यनारायणा पुलिस महानिरीक्षक वाराणसी रेंज द्वारा समाधान दिवस के अवसर पर जलालपुर थाने पर आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुना गया। शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

## जमीनी विवादों को राजस्व पुलिस टीम मौके पर जाकर निपटाएं–जिलाधिकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा द्वारा समाधान दिवस के अवसर पर थाना सिकरारा पर जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर नियमानुसार त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के मंशानुरूप समाधान दिवस/थाना दिवस में आये हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और समय सीमा के अन्तर्गत उनका प्राथमिकता से निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को इधर–उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जॉच अब फरियादियो के मोबाइल पर बात कर की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस/थाना दिवस में आई जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाए तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर



उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को बार–बार अपनी शिकायतों को लेकर इधर–उधर भटकना न पड़े। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि बालिकाओं/महिलाओं की शिकायतों का मौके पर जाकर प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा ने कहा कि समाधान दिवस में आई छोटी–बड़ी सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाए तथा उनका समय–सीमा के अंतर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन प्रकरणों की पुर्नवृत्ति न होने पावे।

## नीदरलैंड के साथ रिश्ता बहुत पुराना अब और मजबूत होगा –उप मुख्यमंत्री

लखनऊ ब्यूरो : ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के मीडिया पार्टनर कंट्री नीदरलैंड के साथ हुए मंथन में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि एक जमाना था जब भारत के घर–घर में नीदरलैंड की बनी लाइटें रोशन होती थीं अब यह सहयोग और कारोबार और बढ़ेगा। दोनों देशों के बीच रिश्ते और मजबूत होंगे। वहीं, राजदूत मार्टिन वेन डेन बर्ग ने कहा कि भारत और नीदरलैंड मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में काम करने को उत्सुक हैं क्योंकि यहां लगातार बेहतर वातावरण और माहौल बन रहा है। खासतौर से उत्तर प्रदेश इसके लिए बेहद उपयुक्त साबित हो रहा है। लखनऊ के आयोजित ग्लोबल इंवेस्टर समिट 2023 के एक सत्र में खासतौर से ऊर्जा, बायोगैस, सोलर सिस्टम, लाइटिंग एवं प्रसंस्करण आदि पर चर्चा हुई। सत्र में एग्रीकल्चर और हॉर्टिकल्चर आदि पर भी विस्तार से बात हुई। सीआईआई उत्तर प्रदेश स्टेट काउंसिल के चेयरमैन विनम्र अग्रवाल ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में तमाम कंपनियां निवेश कर रही हैं जिनमें नीदरलैंड का खास योगदान है। औद्योगिक विकास विशेष सचिव पीयूष वर्मा ने वाटर मैनेजमेंट, डेरी व्यवस्था, तथा नमामि गंगे प्रोजेक्ट पर प्रकाश डाला और कहा कि लॉजिस्टिक शिपिंग



आदि में भी नीदरलैंड के साथ पहले ही एमओयू हो चुके हैं। आज 300 भारतीय कंपनियां नीदरलैंड के साथ और 350 नीदरलैंड की कंपनियां भारत के साथ व्यवसाय कर रही हैं। इस मौके पर अन्य विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। आलू प्रसंस्करण में खास काम करेगा नीदरलैंड आलू प्रसंस्करण में नीदरलैंड की कंपनियां उत्तर प्रदेश में खास काम करेंगी। क्रेमको लिमिटेड की सीईओ भावना विश्वनाथ ने बताया कि उत्तर प्रदेश में आलू के प्रसंस्करण की असीम संभावनाएं हैं । यूपी पूरे देश का 31 प्रतिशत आलू उत्पादन करता है लेकिन प्रसंस्करण यहां बेहद कम है। ऐसे में नीदरलैंड की कंपनियां उत्तर प्रदेश के साथ में आलू का प्रसंस्करण करने की इच्छुक हैं। उनकी कंपनी भी क्षेत्र में यहां काम करेगी।

## अधोमानक औषधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पायी गई दवा नकली

जौनपुर सू.वि. : औषधि निरीक्षक, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जौनपुर ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी महोदय एवं सहायक आयुक्त (औषधि) वाराणसी मण्डल वाराणसी के निर्देश के क्रम में औषधि निरीक्षक, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जौनपुर द्वारा नकली/अधोमानक औषधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत जनपद में माह अक्टूबर, 2022 तक संग्रहित किये गये नमूनों में से प्राप्त जाँच में एक एन्टीबायोटिक औषधि नमूना– एबोमॉक्स सी0वी0 625 एमजी (एमोक्सिसिलिन और पोटैशियम क्लैवुलनेट), टैबलेट निर्माता फर्म मेसर्स– प्रोसीड फार्म्युलेशन, डेराबस्सी, चन्डीगढ़–140201 को राजकीय जनविश्लेषक प्रयोगशाला उ0प्र0 लखनऊ द्वारा नकली (पोटैशियम क्लैवुलनेट की मात्रा शून्य पायी गयी है) घोषित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2022–23 में अब तक कुल संकलित नमूनो में से 25 नमूने अधोमानक/नकली घोषित हुए हैं। सम्बन्धित फर्मो को नोटिस प्रेषित किया गया है एवं उपरोक्त दवाओं की विक्री पर पूर्णरूप से रोक लगा दी गयी है। शीघ्र सक्षमः न्यायालय में दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध मुकदमें की कार्यवाही की जायेगी।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

सर्व का सहयोग लेने के लिए स्वयं सहयोगी बनना पड़ता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# तुलसी ने अपने कवि के स्वाभिमान से नहीं किया कोई समझौता

सत्य और न्याय समयबद्ध अवधारणाएं हैं, इनकी शास्वतता परिवर्तन में निहित है। प्रवृत्तियां बदलती रहती हैं लेकिन स्वभाव की स्वाभाविकता जल्दी नहीं बदलती। विचार प्रवृत्तियों के प्राण होते हैं, गतिशीलता ही इनका जीवन है। इसी संदर्भ में विचारों की प्रवाहमान धारा विचारधारा कहलाती है। निष्कर्ष यह कि विचारधारा साध्य नहीं साधन है।

विचारों के अभाव में कविता की कल्पना असंभव है लेकिन विचारों के विमर्श को कविता कदापि नहीं कहा जा सकता। जब तक कोई रचना विचारों से ऊपर नहीं उठ जाती तब तक उसे कविता का नाम नहीं दिया जा सकता। कविता की सैकड़ों श्रेष्ठ परिभाषाओं से यही बात ध्वनित होती है।

विचार प्रवृत्तियों की सीमा से बद्ध हैं और प्रवृत्तियां समय की सबसे ताकतवर अवधारणाओं से। जब तक मनुष्य का जीवन इस धरा पर संभव है या मनुष्य की केंद्रीय सत्ता स्वभाव (स्थाई भाव) में कोई परिवर्तन नहीं होता तब तक कविता का जीवन बना रहेगा। कविता के कालजयी कहे जाने का यह मुकम्मल कारण है।

बड़ा कवि प्रवृत्तियों का कृतिदास नहीं होता। उसका कृतित्व विचारों से सतत ऊपर उठ जाने में निहित है। वह अपनी स्वाभाविक वैश्विकता से प्रवृत्तियों को चुनौती देता है, वह विचारों को छोड़ता नहीं, विचारधाराओं को सीख दे जाता है।

करुणा तुलसी के समस्त काव्य की केंद्रीय सत्ता है

तुलसी बड़े कवि हैं। यह बड़प्पन उन्हें प्रवृत्तियों से नहीं स्थाई से मिला है। उनकी कविता विचारों की समय बद्ध सीमा से उन्हें ऊपर उठाती है। उनके प्रयोजन इतने विराट और तेजोमय हैं कि समय की छुद्रताएँ पतिंगों के सदृश अधिक समय तक उनके सम्मुख ठहर नहीं पातीं। 'कीरति भनती भूति भल सोई। सुरसरि सम सब कह हित होई।'

तुलसी के समस्त काव्य की केंद्रीय सत्ता है करुणा। और इस तत्व को तुलसी ने अपने सब कुछ को नेवछावरि कर के गढ़ा है। जब तक मनुष्य जीवित रहेगा, मनुष्यता प्रासंगिक रहेगी, यह तो आज के हालात देखते हुए कहना मुश्किल हो रहा है। लेकिन यह अकाट्य है जब तक मनुष्यता रहेगी उसके प्राण करुणा में बसते रहेंगे।

करुणा विचार और प्रवृतियों से ऊपर की निधि है। विचार और प्रवृत्तियां मार्ग मात्र हैं। उसमें समय सम्मत दोष अवश्य आएंगे क्योंकि वे साधन हैं। तुलसी सल्तनत काल में रामकथा लिख रहे थे। आज तुलसी को गए 400 साल बीत रहे हैं। जब प्रवृत्तियां बदल गईं तो विचारों को कौन बचागा ! ऐसे ही जब स्वभाव बदल जायेगा तो मनुष्यता नहीं रहेगी, और जब मनुष्यता नहीं रहेगी तो तुलसीदास भी नहीं रहेंगे। और लगता है शुभ उद्यमियों के शुभ सहयोगी ऐसा शुभ समय जल्द ही ले आएंगे, जिसके लिए संसार उनका सतत ऋणी रहेगा।

कवि ना होऊं नहिं वचन प्रवीनू

तुलसी करुणा को किस हद तक बचाने में लगे थे कि हद से बाहर जा कर जगह–जगह ऐसी बातें कहते हैं–

कवि ना होऊं नहिं वचन प्रवीनू, सकल कला सब विद्या हींनू।
कवित विवेक एक नहिं मोरे, सत्य कहउँ लिख कागद कोरे।

यह तुलसी की दैन्यता नहीं एक महाकवि का स्वाभिमान बोल रहा है। उसने महान प्रयोजन की शपथ ली थी, जिस पर चलने की तैयारी में उसके त्याग पवित्र कटार लिए खड़े हैं। उसने घोर अपमान का विष पिया, गरीबी और निरीहता का दंश यह–

'द्वारे तें लालत बिललात द्वार द्वार दीन, जानत हौं चारि फल चारि ही चनक को'

यह कवि कठिनाइयों की कठिनतम सामाजिक परीक्षाओं का टॉपर है। उसके जीवन में हिंदुस्तान का बादशाह प्रलोभन लिए खड़ा था। लेकिन तुलसी ने अपने कवि के स्वाभिमान से कोई समझौता नहीं किया। उन्होंने हर प्रलोभन को ठुकराया हर चुनौती स्वीकार की जो उनके रास्ते आई।

यही कारण है उनकी कविता में बतौर साधन जो समकालिक परवाह में मुर्दा विचार दिखाई देते हैं, उनकी कविता को बर्बाद नहीं कर पाए। आज चार सौ साल बाद भी तुलसी की कविता जिंदा है, वे विचार तुलसी की कविता को आजतक ओछी नहीं कर पाए। क्योंकि उनकी कविता में विचार साधन हैं और साध्य महान जीवन मूल्य करुणा है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# डीसीएम और ट्रैक्टर भिड़े : चालक समेत दो घायल

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) नगर के बरगद तिराहे के पास डीसीएम और ट्रैक्टर ट्रॉली की जोरदार भिड़ंत में चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जनपद फर्रुखाबाद के थाना क्षेत्र राजेपुर के




ग्राम बहादुरपुर निवासी विश्वदेव ने बताया कि गाँव के राजीव के साथ वह ट्रैक्टर ट्रॉली में आलू लादकर शाहाबाद की मंडी लेकर गये थे। गुरुवार को देर रात शाहाबाद से वापस आ रहे थे तभी पाली के बरगद तिराहे पर सामने से आ रही डीसीएम ने ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बहादुरपुर निवासी विश्वदेव (43) पुत्र जगदीश एवं राजीव कुमार (40) पुत्र ईश्वर दयाल गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस से पीएचसी पहुँचाया। दोनों घायलों को पीएचसी पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि डीसीएम को कब्जे में लेकर जाँच की जा रही है।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कालेज की छात्र छात्राओं को वितरित की कृमिनाशक एल्बेंडाजोल की दवा

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई): शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार को पाली कस्बे में स्थित सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कालेज में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में कालेज के लगभग 200 छात्र/छात्राओं को कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेंडाजोल की गोलियां वितरित की गयीं ताकि उनका समग्र स्वास्थ्य,पोषण स्तर और जीवन बेहतर हो। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर छूट गये बच्चों को 13 फरवरी को कृमि नियंत्रण की दवा खिलाई जायेगी।डॉ अजीमुद्दीन ने कहा कि प्रत्येक 6 माह के दौरान हर व्यक्ति को एल्बेंडाजोल की दवा का सेवन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेट में हानिकारक कीड़े आदि होने के कारण जो ऊर्जा खानपान से व्यक्ति को मिलनी चाहिये, वह उसे पूरी तरह से नहीं मिल पाती है।पेट में मौजूद कीड़े आवश्यक पोषक तत्वों को चूस लेते हैं।जिससे बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। ऐसे में विद्यार्थियों को निर्धारित समय पर एल्बेंडाजोल



की दवा लेनी चाहिए। इस अवसर पर काउंसलर पूजन गुप्ता, फार्मासिस्ट संदीप विश्वकर्मा, नेत्र सहायक ललित कुमार के अलावा भूगोल प्रवक्ता विनोद प्रताप वर्मा, संजय कुमार रस्तोगी, प्रवीण कुमार दीक्षित, अभिलाष त्रिपाठी, मोहित कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# थाना समाधान दिवस पर आई 04 शिकायतो मे से 02 शिकायतों का मौके पर किया गया निस्तारण

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) पाली नगर स्थित थाना परिसर में शनिवार को प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। थाना समाधान दिवस में राजस्व व पुलिस से संबंधित कुल चार शिकायतें आईं। पुलिस व राजस्वकर्मियों की तत्परता से दो शिकायतों का निस्तारण थाना समाधान दिवस में ही कर दिया गया। जबकि शेष दी शिकायतों की सुनवाई कर त्वरित व निष्पक्ष जांच कराकर समय बद्ध रूप से विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। थाना समाधान दिवस पर प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। यहाँ पर मौजूद पुलिस कर्मियों और राजस्व कर्मियों को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय ने कहा कि थाना समाधान दिवस का



उद्देश्य फरियादियों को त्वरित न्याय दिलाना है। इसमें आने वाले फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण हर हाल में सप्ताह भर में कर दिया जाये।इसमें लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा सकती है। इस मौके पर राजस्व कर्मी,पुलिस कर्मियों के अलावा काफी संख्या में फरियादी मौजूद रहे।

# आध्यात्मिक क्रांति से जीवन को तनाव मुक्त करके खुशहाल बनाया जा सकता है –बी के प्रभा मिश्रा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आधुनिक जीवन में तनाव न हो यह संभव नहीं है। जीवन मिला है तो रोजमर्रा की परेशानियां भी मिली हैं। गरीब, मध्यवर्गीय, धनी सभी किसी–न–किसी कारण से चिंतित रहते हैं और तनाव उनके शरीर को खोखला करता रहता है। समस्याओं की प्रतिक्रिया करने से तनाव उपजता है। यह बात प्रभा मिश्रा ने कही। राम वाटिका मैदान में तनाव मुक्ति के शिविर में प्रभा बहन ने कहा हमारा ज्यादातर तनाव अवांछित होता है और इसे कुछ सरल और कुछ कम सरल उपाय अपनाकर कम किया जा सकता है। शिविर में तनाव मुक्ति के आसान तरीके बताए जिसे अपना कर व्यक्ति सुखमय और शांतिमय जीवन व्यक्ति कर सकता है। कहा कि आज–कल के जीवन में कार्य स्थल पर विभिन्न प्रकार के तनाव से होकर सबको गुजरते हुए अपने कार्यों का संपादन करना होता है इसलिए यह जरूरी हो जाता है की हम समय–समय पर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करके अपने परिवार के सदस्यों को तनाव से मुक्त कर सकें जिससे उनके जीवन में शांति की अनुभूति होने लग जाये। आज का मानव किसी न किसी रूप से तनावग्रस्त है। किसी को पैसे को लेकर तनाव है, किसी को पड़ोसी या रिश्तेदार की खुशियों से तनाव है। कोई दूसरे की उन्नति को लेकर तनाव में है। हमारे अंदर असीम शक्तियां है बस हम उसको पहचान नही पाते है। हम सब अपने 90% शक्तियों से अनभिज्ञ रहते है, एक बार जब इनको आप जान जायेंगे तो आपका जीवन खुशियों से भर जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अध




यात्म से तनाव मुक्त जीवन जीया जा सकता है। उन्होंने बताया कि खुद के अवगुणों को अपनाते हुए उसे अध्यात्म से जोड़कर तनाव को दूर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ध्यान के जरिये हम अपने व दूसरों के अवगुणों को पहचानकर एक खुशमय बिना तनाव वाला जीवन जी सकते हैं। उन्होंने बताया कि ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय का मुख्य उद्देश्य आध्यात्मिक शिक्षा को भौतिक शिक्षा से जोड़ते हुए वर्तमान की भागदौड़ वाली जीवनशैली से अध्यात्म व ध्यान के जरिये तनाव को दूर करना है। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी हेमन्त उपाध्याय ने बताया कि वह प्रायः थकान या तनाव होने पर ब्रह्माकुमारी के यू ट्यूब सुनकर सो जाते हैं।यह एक अच्छा मिशन है।जो परमात्म ज्ञान देकर समाज की सेवा कर रहा है।इसके अलावा उन्नाव की बी के कुसुम ने भी आध्यात्मिक सशक्तिकरण पर व्याख्यान दिया। सफलता के पांच कदम एवं तनाव मुक्ति शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सी ओ हेमन्त उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्र, मिथलेश द्विवेदी,कमलेश मिश्र,अम्बरीष कुमार सक्सेना,भ्राता अश्वनी कुमार गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

# जमानत पर छूटे बरेका इंजीनियर के घर धमकी सीबीआई की टीम : तीन लाख घूस लेते रंगेहाथ हुए थे गिरफ्तार

वाराणसी ब्यूरो : हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आए बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के सीनियर सिविल इंजीनियर ओमप्रकाश सोनकर की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही। ओम प्रकाश सोनकर के राणा नगर कॉलोनी स्थित आवास पर शनिवार को सीबीआई की टीम एक बार फिर धमकी। लगभग पांच घंटे तक सीबीआई के अफसरों ने ओम प्रकाश सोनकर की चल–अचल संपत्तियों का ब्यौरा जुटाया। ओम प्रकाश, उनकी पत्नी और उनके बच्चों के नाम से बैंकों में खुले खातों का विवरण लिया। इसके बाद सीबीआई के अफसर वापस लखनऊ लौट गए। ओमप्रकाश सोनकर के घर पर तीन गाड़ियों से सीबीआई की टीम पहुंची। इस कार्रवाई से कॉलोनी में हलचल मच गई। गत वर्ष सितंबर माह में सिविल इंजीनियर ओमप्रकाश सोनकर को सीबीआई ने तीन लाख घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। ठेकेदार से बिल पास कराने के एवज में तीन लाख रुपये रिश्वत मांगा था। इसके बाद आरोपी इंजीनियर के कार्यालय और आवास पर भी सीबीआई ने



छापा मारा था। इंजीनियर ओमप्रकाश सोनकर की ओर से कराए गए कार्यों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां पकड़ी गईं। पूर्व सांसद के दामाद सिविल इंजीनियर ओमप्रकाश सोनकर की अधिकतर नौकरी पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में ही हुई है। उसने अपनी बेटी की शादी आईएएस से की है।

# शराबी दूल्हा देख भड़की दुल्हन बैरंग लौटी बारात : दोनों पक्षों में जमकर हुई मारपीट : मामला पहुंचा कोतवाली

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : कोतवाली पिहानी के करबा मोहल्ला नगर मे बृहस्पतिवार की रात आई बारात मे नशे में धुत दूल्हे को देख शादी से इंकार कर दिया। इससे पंचायत के बाद भी बात नहीं बन सकी और दुल्हन शराबी दूल्हे से शादी न करने की जिद पर अड़ी रही। मान–मनौवल होने के बाद भी लड़की पर कुछ परिणाम नहीं निकल सका। इससे बारात वापस लौट गई। बरात मोहम्मदी तहसील के नया गांव जाट से आई थी दूसरी तरफ दूल्हे ने आरोप लगाया है कि शादी में स्टैंडिंग खाना तथा जबकि लड़की वालों ने कुर्सी पर खिलाया इसी बात को लेकर वाद विवाद हुआ। जनातियो व बारातियों में जमकर मारपीट हुई। मामला पिहानी कोतवाली में पहुंच गया। मोहम्मदी तहसील के नया गांव जाट से बरात कस्बे के मोहल्ला नागर में बारात आई थी। द्वारचार कार्यक्रम के बाद बाराती जनवासे में चले आए और शादी की तैयारी करने लगे। जय माल की तैयारियां चल रही थी। रस्म अदायगी के दौरान दुल्हन को दूल्हे के पास से शराब की महक आने पर भड़क गई।रिश्ता तय कराने वाले अगुआ को अपशब्द कह डाला। तो उसने फौरन शराबी दूल्हे से शादी करने से इंकार कर दिया। दुल्हन के इंकार करने पर दूल्हे सहित बारातियों और सगे संबंधियों का नशा काफूर हो गया। दूल्हे के पिता ने लड़की पक्ष से सम्मान की दुहाई देकर शादी के लिए गिड़गिड़ाने लगा, लेकिन बात नहीं बनी। मान–मनौवल के लिए दोनों पक्षों में पंचायत बैठ गई। शराबी दूल्हे के साथ जीवन नर्क होने का वास्ता कहकर लड़की भी शादी न करने की जिद पर अड़ी रही। इससे नशेड़ी दूल्हे की बारात सुबह बिना दुल्हन के लौट गई। शराबी दूल्हे से शादी न करने की जिद पर क्षेत्र में लड़की के हौसले की लोग दाद दे रहे हैं। अभी लो वहीं दूसरी ओर दूल्हे का कहना है कि लड़की वालों ने स्टैंडिंग खाना नहीं किया। व उसके साथ बदतमीजी भी की । फिलहाल बरात बिना दुल्हन के बैरंग लौट गई।

# इन्वेस्टमेंट निवेशकों की समस्याओं का सुनिश्चित किया जायेगा त्वरित समाधान –जिलाधिकारी नितीश कुमार

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या जिलाधिकारी नितीश कुमार ने प्राप्त हुये इन्वेस्टमेंट के प्रस्तावों से सम्बंधित/निवेशकों, प्रशासनिक अधिकारियों व सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक कर निवेश से सम्बंधित प्रत्येक बिन्दु पर चर्चा कर तथा हर समस्या का समाधान करने हेतु आश्वास्त किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित उद्यमियों/निवेशकों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्यों, सुझावों को जाना तथा उनके समस्याओं के समयबद्व निराकरण सुनिश्चित करने व उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के तृतीय एवं चतुर्थ शनिवार को उद्यमियों/निवेशकों व उद्योग, विद्युत, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अग्निशमन, राजस्व आदि सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर उद्यमियों/निवेशकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जायेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि निर्माणाधीन एयरपोर्ट का फेज–1 का कार्य इसी सत्र में ही पूर्ण कर लिया जायेगा। एयरपोर्ट ने रेसा के मानकों को पूरा कर लिया है। यहां पर नाइट फैसिलिटी भी उपलब्ध रहेगी और यह एयरपोर्ट बिल्कुल सिविल एयरपोर्ट होगा यह अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इससे अयोध्या में टूरिज्म को बढ़ावा के साथ उद्यमियों को उच्च स्तरीय हवाई आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर विधायक डा. अमित सिंह ने प्रदेश एवं केन्द्र सरकार की उपलब्धियों एवं सरकार द्वारा उद्यमियों/निवेशकों को उपलब्ध करायी जा रही बेहतर सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती रोली सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव, ज्वाइंट डायरेक्टर इंडस्ट्रीज, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह, एस0पी सिटी मधुबन सिंह सहित बड़ी संख्या में उद्यमी एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

# 115 करोड़ आबादी के हाथ में मोबाइल फोन बन गया है लव जोन : प्यार की होती है तीन स्टेज

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।वैलेंटाइन्स डे प्रेरित किशोर व युवाओ द्वारा रोमांटिक लव पार्टनर की खोज एक ऐसा मनोउत्प्रेरक बन जाता है जो वर्ष भर छद्म प्रेमी युगल बनने और बनाने की मनचली मनोदशा के रूप में दिखाई पड़ता रहता है जिसके आत्मघाती मनोदुष्परिणाम ब्रोकेन हार्ट सिंड्रोम या रिएक्टिव डिप्रेशन के रूप मे दिखाई पड़ते है तथा अकादमिक व कैरियर को दुष्प्रभावित करते है । यह बातें जिला चिकित्सालय व शाश्वत कैरियर इंस्टिट्यूट के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित युवा मनोतनाव प्रबंधन कार्यशाला मे मनोपरामर्शदाता डा आलोक मनदर्शन ने कही। पहली स्टेज में अपने प्यार को देखने पर पुरुषों में टेस्टेस्टेरॉन रिलीज होते हैं और महिलाओं में एस्ट्रोजन। इससे उनके बीच नजदीक आने की इच्छा बढ़ती है। दूसरी स्टेज में दिल की धड़कने बढ़ने लगती हैं। अपने प्यार को देखने के लिए इंसान एक्साइटेड हो जाता है। तीसरी स्टेज में कपल के बीच बॉन्डिंग मजबूत होती है। उनके रिश्ते में इमोशनल कनेक्टिविटी बढ़ती है। यह स्टेज लस्ट,अट्रैक्शन व अटैचमेंट की स्टेज कहलाती है। स्टैटिस्टा डॉट कॉम की 2021 की रिपोर्ट बताती है कि देश की 140 करोड़ आबादी में से 115 करोड़ के हाथ में मोबाइल है। मोबाइल न केवल आज के यंगस्टर्स की सबसे जरूरी डिवाइस बन गया है, बल्कि उनके रोमांटिक कनेक्शन का सबसे बड़ा जरिया भी । प्रपोज करने से लेकर इश्क के जज्बात मोबाइल को लव कनेक्शन और रोमांटिक कम्यूनिकेशन का सिंबल बना चुके हैं। मनोरसायन ही कराते है प्यार का एहसास। डोपामाइन मनोरसायन स्नेह, उल्लास, चाहत, अट्रैक्शन बढ़ाता है वहीं सेरोटोनिन रसायन अट्रैक्शन, खुशी, पॉजिटिव फीलिंग्स, सेक्शुअल डिजायर, मोटिवेशन बढ़ाता है तथा ऑक्सिटोसिन हार्मोन अट्रैक्शन, बॉन्डिंग, भरोसा और एक्साइटमेंट बढ़ाता है। मनो जागरूकता से युवा व किशोर अपने लस्ट को लव समझने की भूल से न केवल बच सकते बल्कि पढ़ाई व कैरियर मे सफलता की सीढ़िया चढ़ सकते है।कार्यशाला में इंस्टिट्यूट के स्टूडेन्स व फैकल्टी उपस्थित रहे।

## किसानों के हित के लिए सरकार ने बनाई योजनाएं –रामचन्द्र यादव

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।रूदौली–अयोध्या। विकासखंड रुदौली में आयोजित कृषि निवेश मेला एवं गोष्ठी में आए किसानों को वर्तमान समय में जैविक खेती करने को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान किसानों को सरकार की ओर से संचालित की जा रही कृषि योजनाओं की भी जानकारी दी गई। गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव व विशिष्ट अतिथि आलोक सिंह रोहित ने संयुक्त रूप से पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विधायक रामचन्द्र यादव ने कहा कि जब से योगी और मोदी की सरकार आई है तब से किसानों के हित के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका सीधा लाभ किसानों को मिल रहा है। वहीं छुट्टा मवेशियों से किसानों को निजात दिलाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायतों में गोशालाओं का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने किसानों के लिए न ही ऋण का इंतजाम किया और न किसानों के बारे में कभी सोचा। जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्र ने किसानों को आधुनिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने वर्तमान समय में जैविक खेती किए जाने को लेकर किसानों को जागरूक किया। कृषि अधिकारी ने फसल लगाने से पूर्व मृदा परीक्षण कराने का सुझाव भी दिया। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष निर्मल शर्मा, सांसद प्रतिनिधि शिव गोविंद पांडेय, भूपेंद्र सिंह बल्ले, रमापति मौर्य, राम नेवल लोधी, अनिल वर्मा, माधुरी सिंह, शिव श्याम तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे।

## अयोध्या सरयू नदी में दो युवक डूबे : रेस्क्यू आपरेशन जारी

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या में शनिवार सुबह दो युवक स्नान करते सरयू नदी में डूब गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस गोताखोरों की मदद से दोनों की तलाश कर रही है। पुलिस ने युवकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। मनीष तिवारी (30) पीयूष पांडेय (32) राम नगर पहाड़गंज नगर कोतवाली अयोध्या के रहने वाले है। दोनों युवक कार से सुबह तीन बजे सरयू स्नान के लिए सरयू पहुंचे थे। कोतवाल मनोज शर्मा ने बताया कि घटना सुबह तीन बजकर 30 मिनट की है। दोनों युवक नदी में स्नान कर रहे थे। तभी दोनों अचानक डूबने लगे। दोनों को डूबते हुए घाट पर फूल बेचने वाली एक छोटी लड़की ने देखा। तभी उसने घाट पर मौजूद अन्य लोगों को इसकी सूचना दी। वहीं, स्थानीय लोगों की सूचना




पर पुलिस मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से दोनों युवकों की तलाश कर रही है। पुलिस को दोनों युवकों के कपड़े घाट से मिले है।

# मोटे अनाज के निर्यात से सुधरेगी अर्थव्यवस्था –डॉ. रामवंत गुप्ता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संगोष्ठी भवन में जी–20 द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि गोरखपुर विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रामवंत गुप्ता ने कहा कि जी– 20 देशों का एक समूह है। यह एक ऐसा समूह है जिसमें विकसित और विकासशील दोनों देश शामिल है। इसका लाभ यह है कि अगर कोई विकासशील देश इस ग्रुप में अपना मुद्दा रखता है तो विकसित देश को भी उसकी बात सुननी होगी। उन्होंने भारत के जी– 20 की अध्यक्षता करने के महत्व को विस्तार से बताते हुए कहा कि भारत इस समिट में अपनी विविधता में एकता संस्कृति का प्रस्तुतिकरण करेगा। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज में न्यूट्रीशियन का अंबार है। इसके उपयोग से विश्व बाजार में भारत को मोटा अनाज के निर्यात करने का एक बड़ा अवसर मिलेगा। मोबाइल, फ्रिज और इलेक्ट्रॉनिक्स के कई पार्ट को उत्तर प्रदेश में बनाया जा रहा है । इससे उत्तर प्रदेश की जीडीपी में तेजी से वृद्धि हो रही है। इससे हमें विदेशी निवेश और निर्यात में फायदा होगा। उन्होंने कहा कि खासतौर से उत्तर प्रदेश में विनिवेश होने का महत्वपूर्ण कारण सुशासन है।इस अवसर पर




कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि जी–20 की अध्यक्षता से देश को बहुत बड़ा फायदा मिलने वाला है। इससे हम विश्व स्तर पर शक्तिशाली देश के रूप में पहचान बना रहे हैं। निवेशकों के अनुरूप माहौल बन रहा है। जो कि हमारे देश और यहां के नागरिकों के लिए एक अच्छी पहल होगी। विषय प्रवर्तन डॉ मनोज पांडे ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ जान्हवी श्रीवास्तव और धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुनील कुमार ने किया। इस मौके पर जी–20 अम्बेसडर डॉ मनोज पांडे, डॉ रेखा पाल ,मंगला प्रसाद, डॉ अंकित कुमार, डॉ इंद्रजीत, आँचल सिंह, किशन जायसवाल, हिदायत फात्मा आदि मौजूद रहीं।

# जनपद में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के 253 सेन्टरो पर 178261 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ०प्र० प्रयागराज द्वारा 16 फरवरी से 04 मार्च 2023 तक संचालित होने वाली हाईस्कूल एवं इंण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2023 को सुचिता पूर्ण, शान्ति पूर्वक व नकल विहीन एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से समस्त केन्द्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त/वाह्य केन्द्र व्यवस्थापकों का परीक्षा पूर्व तैयारियों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा व पुलिस अधीक्षक डॉ० अजय पाल शर्मा की उपस्थिति में टी०डी० कालेज के मार्कण्डेय हाल में संपन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा शांतिपूर्ण, शुचितापूर्ण परीक्षा सम्पादित कराने हेतु निर्देश देते हुए कहा कि वर्ष 2023 की बोर्ड परीक्षा हेतु निर्धारित समस्त परीक्षा केन्द्रों में प्रश्नपत्र रखे जाने हेतु एक पृथक कक्ष को स्ट्रांग रूम बनाया जाय। उन्होंने स्ट्रांग रूम में किसी अधिकारी/कर्मचारी का मोबाइल फोन के साथ प्रवेश वर्जित होगा। पेपर डबल लॉक में होना चाहिए व स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरा लगा होना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक के दफ्तर में कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित लोग परीक्षा शुरु होने के एक घंटा पहले केंद्र पर पहुंचे अगर न समय से पहुंचते तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र व्यवस्थापक यह सुनिश्चित भी करे की विद्यालय में टॉयलेट, पानी, साफ सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र से 100 मीटर की दूरी तक फोटोकॉपी प्रतिबंधित रहेगी। कोई भी विद्यार्थी मोबाइल लेकर परीक्षा केंद्र में नहीं जाएगा। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापक से कहा कि




है आप लोग की जिम्मेदारी है कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा सकुशल व सुचिता पूर्ण संपन्न कराएं। जिलाधिकारी द्वारा शासन एवं विभाग द्वारा प्रदान किये गये निर्देशों को अक्षरशः अनुपालन करने के बारे में विस्तृत रूप से निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक डॉ० अजय पाल शर्मा द्वारा शांतिपूर्ण परीक्षा कराने के लिये सभी आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने हेतु आश्वासन दिया गया। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र देव द्वारा शुचितापूर्ण नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये विस्तृत निर्देश दिये गये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राम अक्षयबर चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० गोरख नाथ पटेल, रमेश यादव व केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित थे।

# अयोध्या शहर में वर्ल्ड यूनानी डे के अवसर पर फ्री यूनानी मेडिकल कैंप का किया गया आयोजन

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।अयोध्या के राठहवेली इमामबाड़ा स्थित डीपी पैलेस होटल के प्रांगण में वर्ल्ड यूनानी डे के अवसर पर फ्री यूनानी मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस मेडिकल कैंप में मुख्य अतिथि के तौर पर सीवसीवयूवएमव डॉक्टर मकबूल रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर व विशिष्ट अतिथि के तौर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक व यूनानी अधिकारी कल्लू श्रीवास्तव रहे।ये मेडिकल कैंप डॉक्टर इम्तियाज के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस यूनानी मेडिकल कैंप के मुख्य आयोजक कर्ता यूनानी डॉक्टर एसोसिएशन फैजाबाद अयोध्या के अध्यक्ष डॉ इकबाल बकाई रहे। वही यूनानी मेडिकल एसोसिएशन अयोध्या के अध्यक्ष डॉ इकबाल बकाई ने बताया कि फ्रीडम फाइटर हकीम अजमल खान साहब के जन्मदिन के अवसर पर ये मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है। और कहा कि बचपन से पुराने जमाने मे हम देख रहे है तिब्बे यूनानी एक मरकज रहा है इलाज का हम लोग यही चाहते है की सभी लोग पहले की तरह भरोसा करके तिब्बे यूनानी से लोग अपना इलाज करें। क्योंकि कोरोना काल में लोगों ने अपना इलाज तिब्बे यूनानी से किया है और सही हुए मरीजों में भरोसा हुआ है। और लोग तिब्बे यूनानी से जुड़ रहे हैं।और अपना इलाज कर रहे हैं।आज ये यूनानी मेडिकल कैंप निशुल्क लगाया गया है। जिसमें लगभग सुबह



से 12:00 बजे तक ,100 मरीजों ने इस कैंप का लाभ लिया और चेकअप करवा कर निशुल्क दवा ली। ये कैंप सुबह 11:00 बजे से शुरू हुआ है। और शाम 4:00 बजे तक चलेगा। लगभग हजार लोग इस कैंप का लाभ लेंगे। इस मेडिकल कैंप में महिलाओं के लिए भी ओपीडी थी। जिसमें महिलाएं चिकित्सकों के द्वारा महिलाओं का इलाज किया गया और निशुल्क दवा दी गई। इस कैंप में फैजाबाद यूनानी एसोसिएशन से 110 लोग रजिस्टर्ड है जिसमें 101 डॉक्टर इस कैंप में मौजूद हैं। और उन्ही डॉक्टरों की देखरेख में यह कैंप का आयोजन हो रहा है। डॉ इकबाल ने कहा कि यूनानी दवाओं से किडनी लीवर अन्य बीमारी का संभव इलाज किया जा रहा है। और सभी लोग यूनानी अपनाएं इस पैथी से किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंच रहा है।इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है। इस कैंप में डॉक्टर हम्माद डॉक्टर सईद अख्तर डॉक्टर मोहम्मद अहमद हकीम डॉक्टर अयूब उमरी डॉक्टर मोहम्मद अख्तर डॉक्टर शादाब कैफी गोसाईगंज व रुदौली के यूनानी डॉक्टर भी इस कैंप में मौजूद रहे।

# मासूम छात्रा को क्लास रूम में बंद करके घर चले गए शिक्षक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एक तरफ जहां प्रदेश सरकार नौनिहालों को पढ़ा लिखा कर अच्छी बेहतर सुविधा प्रदान कर रही है और तमाम ऐसी सुविधाएं जो कान्वेंट स्कूलों में प्रदान की जा रही हैं वह प्राइमरी विद्यालयों में प्रदान की जा रही हैं लेकिन इसके लिए जिम्मेदार शिक्षक कहीं ना कहीं सरकार की मंशा पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं। स्कूल शिक्षकों की लापरवाही के चलते दो घंटे से अधिक समय तक एक एक मासूम छात्रा क्लास रूम में बंद रही, वह रोती चिल्लाती रही लेकिन उसकी आवाज सुनने वाला वहां कोई नहीं था उधर देर शाम तक जब बेटी स्कूल से वापस नही लौटी तो परिवार वाले उसे खोजने के लिए स्कूल पहुंचे तो बंद क्लास रूम में बेटी रोती चिल्लाती मिली परिवार वालो ने ताला तोड़कर उसे बाहर निकाला, बाहर आने के बाद भी वह काफी देर तक सहमी रही। मामला बदलापुर ब्लाक के फत्तूपुर कम्पोजिट स्कूल का । जिले के बदलपुर ब्लाक के कम्पोजिट विद्यालय फत्तूपुर प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को भी स्कूल अपने समय से खुला था शाम को 3 बजे बंद हो गया। शिक्षकों ने लापरवाही में कक्षा एक की छात्रा प्रियंका पुत्री जगदीश निषाद को आज स्कूल के एक कमरे में बंद करके चले गए करीब 2–3 घण्टे के जब परिजनों ने को सूचना पहुंची की उसकी छात्रा स्कूल से वापस नही लौटी तो परिजनो ने खोजबीन शुरु हुई । परिजन स्कूल के पास पहुँचे तब छात्रा की रोने की आवाज सुनाई दी। बेटी की हालत देखकर परिजन दंग रह गए, आनन फानन में परिजनों ने दरवाजा तोड़कर छात्रा को बाहर निकाला। परिजनों ने विद्यालय के शिक्षकों पर लापरवाही का आरोप लगाया। छात्रा के कमरे में बंद कर घर जाने से ग्रामीण काफी आक्रोशित है तो परिजनों का आरोप है कि कहीं न कहीं इस मामले में शिक्षकों की लापरवाही है अगर मेरी बिटिया के साथ कोई दुर्घटना हो जाती है कि का जिम्मेदार कौन होता है । इस मामले का संज्ञान लेते हुए बीएसए डा गोरखनाथ पटेल ने इसकी जांच खंड शिक्षा अधिकारी बदलापुर को सौंपी है। जांच में जो शिक्षक दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# स्वामी प्रसाद मौर्य की मार्कशीट चेक होनी चाहिए –मनोज मुंतशिर

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित काशी शब्दोत्सव में हिस्सा लेने आए गीतकार मनोज मुंतशिर ने पत्रकारों से बात की और कहा कि रामचरित मानस पर टिप्पणी ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले स्वामी प्रसाद मौर्य की मार्कशीट चेक होनी



चाहिए। देखना चाहिए कि वह कितना पढ़े–लिखे हैं। कहा कि भगवान राम और गोस्वामी तुलसीदास कभी अनुसूचित जाति, वंचित और स्त्री विरोधी नहीं रहे हैं। मनोज मुंतशिर ने कहा कि हिंदू व सनातन धर्म को बांटने की कोशिश हो रही है, लेकिन बंटना नहीं है। यही भारतीय और सनातन परंपरा की परीक्षा है। लखनऊ का नाम बदलने में कोई हर्ज नहीं मुंतशिर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की और कहा कि उन्होंने जो वादा किया था, उसे पूरा किया है। यूपी की जीडीपी के बराबर निवेश लाए हैं। शास्त्र और इतिहास के हवाले से उन्होंने लखनऊ का नाम लक्ष्मण नगर करने की मांग का समर्थन किया। साथ ही कहा कि लखनऊ का नाम पहले कुछ और था तो उसे बदलने में कोई हर्ज नहीं है। दिलाया संकल्प, नहीं करेंगे औरत शब्द का इस्तेमाल रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में काशी शब्दोत्सव के पांचवें सत्र में युवाओं को संबोधित करते हुए मनोज मुंतशिर ने कहा कि 11वीं सदी के पहले औरत शब्द भारत में नहीं था। यह अरेबिक शब्द है। इसके पहले नारी और स्त्री शब्द का इस्तेमाल होता था। हम नारी को सर्वोच्च सम्मान देने वाली संस्कृति हैं। मनोज ने कहा कि आप संकल्प लीजिए कि आज के बाद किसी भी स्त्री के लिए औरत शब्द का इस्तेमाल नहीं करेंगे। सभी ने एक साथ संकल्प दोहराया। उन्होंने गुलामी के प्रतीकों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि अभी तक जो जीता वही सिकंदर पर कहां अटके हुए हो। अब जो जीता वो बाजीराव और जो जीता वो छत्रपति शिवाजी महाराज। मनोज मुंतशिर ने कहा कि हमारे देश में पढ़ाए जा रहे सेलेक्टिव इतिहास में कई लूप होल हैं। हमें यह तो पढ़ाया जाता है कि ताजमहल किसने बनवाया लेकिन यह नहीं पढ़ाया जाता कि सोमनाथ, काशी और मथुरा को किसने तहस–नहस किया। हमें बार–बार बताया गया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किसने मारा लेकिन यह नहीं पढ़ाया गया कि गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों को जिंदा दीवार में किसने चुनवा दिया। इतिहास उतना ही पढ़ाया गया जिससे आपका भला होता हो। अब कश्मीर के लालचौक पर कोई भी झंडा फहरा सकता है मनोज मुंतशिर ने कहा कि कला के जितने दिग्गज पूरे भारतवर्ष में हैं, उनकी अगर एक सूची बनाई जाए तो आप यह जानकार हैरान रह जाएंगे कि आधे से ज्यादा बनारस से निकलेंगे। कश्मीर के लालचौक पर अभी झंडा फहराया गया, मैं बड़ा खुश हूं कि हमने इतना सुरक्षित कश्मीर बना दिया है कि कोई भी लालचौक पर जाकर झंडा फहरा सकता है।

# बिना ऑपरेशन महिला ने चार बच्चों को दिया जन्म : सभी स्वस्थ

आजमगढ़ ब्यूरो : यूपी के आजमगढ़ जिले के सिधारी क्षेत्र स्थित एक अस्पताल में महिला ने बिना ऑपरेशन चार बच्चों को एक साथ जन्म दिया। इनमें तीन बेटी और एक बेटा शामिल है। चिकित्सक का कहना है कि चारों स्वस्थ हैं। महिला और नवजातों को निगरानी में रखा गया है। सामान्य प्रसव से एक साथ चार बच्चों के जन्म से लोग हैरान हैं।



सिधारी क्षेत्र स्थित ग्लोबल हॉस्पिटल में बीती रात महिला ने बच्चों को जन्म दिया। अस्पताल की महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. शिप्रा सिंह ने बताया कि सभी नवजात शिशुओं का वजन लगभग 800–800 ग्राम है। चार बच्चों को जन्म देने वाली महिला लक्ष्मी सिधारी क्षेत्र के मतौलीपुर गांव की रहने वाली है। उसके पति विक्की पंचायत सहायक हैं। डॉ. शिप्रा सिंह ने बताया कि सामान्य डिलीवरी के माध्यम से बच्चे पैदा कराना चिकित्सक की प्राथमिकता है। अल्ट्रासाउंड एवं रिपोर्ट के आधार पर इस केस में भी बिना ऑपरेशन के डिलीवरी कराने का निर्णय लिया गया था जो कि सफल रहा। बच्चों और मां दोनों को चिकित्सकों की देखरेख में रखा गया है। एक साथ चार बच्चों का जन्म का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी दुनियाभर से ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं।

# ग्लोबल इन्वेसटर्स समिट का जिला स्तरीय निवेश कुंभ तकनीकी सत्र कार्यक्रम आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उ0प्र0 सरकार द्वारा 10 से 12 फरवरी, 2023 के मध्य आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेसटर्स समिट के जिला स्तरीय निवेश कुंभ कार्यक्रम के द्वितीय दिवस का तकनीकी सत्र कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार जौनपुर में आयोजित किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा की अध्यक्षता में ई0एन0वाई0 कंसल्टेंट दौलत राम द्वारा एम0 एस0 एम0 ई0 प्रोत्साहन पालिसी –2022 के अन्तर्गत पूंजीगत सब्सिडी, ब्याज सब्सिडी, अवस्थापना ब्याज सब्सिडी, स्टाम्प ड्यूटी में छुट, एम0एस0एम0ई0 सेक्टर में पर्यावरण सुधार हेतु सी0ई0टी0पी0एस0 की स्थापना, जीरो लिक्विड डिस्चार्ज सूविधा को लागू करने, जेड0 ई0 डी0, जी0 एम0 पी0, हॉलमार्क आदि नितियों पर निवेशकों को सुविधा हेतु पालिसि में दिये गये प्राविधानों को एवं निजी औद्योगिक पार्को के विकास की योजना पालिसी के अन्तर्गत इच्छुक निजी प्रवर्तकों द्वारा 10 एकड से 50 एकड तक की भूमि पर औद्योगिक पार्क विकसित करने का प्रस्ताव भूमि के स्वामित्व द्वारा न्यूनतम प्रति एक एकड एक इकाई को भूखण्ड आवंटित किया जाना अनिवार्य होगा तथा कूल विकसित औद्योगिक प्रयोजन की भूमि मे से 75 प्रतिशत भूखण्ड एम0एस0एम0ई0 इकाईयों के लिये आरक्षित रखा जायेगा। इस योजना को SoP Borrowing window Facility, के साथ`लदबीतवदपेम एस0ओ0पी0 का प्रजेंटेशन पीपीटी के माध्यम से विस्तार से किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निवेशकों/उद्यमियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध सभी प्रोत्साहन नीति के बारे में



जानकारी प्राप्त करने पर जोर देते हुए आश्वासन दिया गया कि आप जौनपुर में अधिक से अधिक निवेश करें, विशेष रूप से निजी औद्योगिक पार्क की पालिसी पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी निवेशकों, उद्यमियों की सुरक्षा हेतु आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह द्वारा बताया कि जिला स्तरीय निवेश कुंभ जौनपुर में निवेश में और अधिक बढ़ोतरी होगी जिससे नया ग्रोथ इंजन के साथ उत्तर प्रदेश में जौनपुर अपना अग्रिम भूमिका निभा रहा है। सहायक प्रबंधक जयप्रकाश के द्वारा निवेश मित्र के साथ विभाग की स्वरोजगार योजना पर विस्तार से बताया गया। ओ0डी0ओ0पी0 उत्पाद ऊनी दरी का स्टाल प्यारे लाल मौर्य द्वारा लगाया गया। प्रश्नोत्तरी प्रहर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, अपर कृषि अधिकारी डा० रमेशचंद्र यादव, अनिल सिंह अध्यक्ष ईंट उद्योग समिति, डा० ज्ञान प्रकाश सिंह अध्यक्ष औद्योगिक अस्थान सिद्दीकपुर उपस्थित रहे।

# यह गरीबों किसानों आदिवासियों दलितों पिछडो को सशक्त बनाने वाला बजट है –राकेश त्रिवेदी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी जिला जौनपुर के कार्यालय पर अमृत काल बजट पर प्रेस वार्ता संपन्न हुई जिसको जिला प्रभारी डॉ राकेश त्रिवेदी एवं मछली शहर के सांसद बीपी सरोज ने संबोधित किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ राकेश त्रिवेदी ने कहा कि अमृत काल का पहला आम बजट एक लोक कल्याणकारी बजट है यह गांव, गरीबों, किसानों, आदिवासियों, दलितों पिछड़ों, शोषितो, वंचितो, दिव्यांगजनों, आर्थिक रूप से पिछड़े तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला बजट है। यह ग्राम विकास, कृषि विकास, श्रमिक कल्याण, पूर्वोत्तर एवं पहाड़ी क्षेत्रों सहित पूरे देश के समग्र विकास को समर्पित बजट है। यह माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा देश के नागरिकों को सामाजिक न्याय, समानता, सम्मान और समान अवसर उपलब्ध कराने वाला बजट है। देश का 75वा आम बजट ''ईज आफ लिविंग'' को बढ़ाने पर जोर देने वाला बजट है।यह दुनिया में सबसे तेज गति से देश को विकास की राह दिखाने वाला और भारत को सुपर इकोनॉमी पर बनाने वाला बजट है। मछलीशहर के सांसद बी पी सरोज ने कहा कि मोटे अनाज उगाने के मोर्चे पर भारत लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है भारत श्री अन्न का सबसे बड़ा उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक देश है भारत को श्रीअन्न का ग्लोबल हब बनाने के लिए हम कटिबद्ध है इस दिशा में हैदराबाद में इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मिलेट रिसर्च स्थापित करना एक बहुत बड़ा कदम है। प्रेस वार्ता के उपरांत जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ राकेश त्रिवेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्टी के पुरोधा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर की गई। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ राकेश त्रिवेदी ने कहा कि युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए पीएम कौशल विकास



योजना 4.0 की घोषणा सर्वथा स्वागत योग्य कदम है इसके तहत देश भर में 40 स्किल इंडिया सेंटर स्थापित किए जाएंगे जो युवाओं के कौशल में और निखार लाएगा और उन्हें आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगा। जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस बजट मे मोदी सरकार द्वारा महिला सम्मान विकास पत्र जारी करने का निर्णय भी स्वागत योग्य है इसमें महिलाओं को 2 लाख की बचत पर सालाना 7.5 : ब्याज मिलेगा। वरिष्ठ नागरिकों के लिए उस सेविंग अकाउंट में रखी जाने वाली रकम की लिमिट को भी 4.5 लाख से बढ़ाकर 9लाख करने का निर्णय भी एक अच्छी पहल है। साथ ही वरिष्ठ नागरिक बचत योजना की लिमिट को भी 4.5 लाख से बढ़ाकर 9 लाख रुपये करने का निर्णय भी एक अच्छी पहल है यह योजनाएं महिला सशक्तिकरण और वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुनील तिवारी ने की। उक्त अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुधाकर उपाध्याय, संदीप सरोज, जिला मंत्री रवींद्र सिंह राजू दादा, प्रमोद यादव, अवधेश यादव, ओमप्रकाश सिंह, विपिन द्विवेदी, डीसीएफ चेयरमैन धनन्जय सिंह, जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, सिंद्धार्थ राय, रोहन सिंह, विनीत शुक्ला, मोर्चा के जिलाध्यक्ष गण अनिल गुप्ता, अजय सरोज, इन्द्रसेन सिंह, प्रमोद प्रजापति, मण्डल अध्यक्ष गण लवकुश सिंह, अमित श्रीवास्तव, विकास शर्मा, राजकेशर पाल, धर्मेंद्र मिश्रा, अजय मिश्रा, भूपेश सिंह, शैलेश सिंह, सनी सिंह, विवेक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# विधायक अब्बास अंसारी से जेल में मिलने गई पत्नी निखत को पुलिस ने किया गिरफ्तार : आठ जेलकर्मी निलंबित

चित्रकूट ब्यूरो : चित्रकूट के रगौली जिला जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को जेल से बाहर ले जाने की साजिश रचने में पत्नी निखत अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। निखत शुक्रवार को बंदी मुलाकाती रजिस्टर में नाम दर्ज कराए बिना अपने पति अब्बास से मिलने जेल पहुंची थीं। बताते चलें कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अब्बास अंसारी जिला जेल रगौली में लगभग दो माह से निरुद्ध हैं। शुक्रवार को जिला जेल में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला द्वारा छापेमारी की गई थी। जिसमें अब्बास से मिलने आईं निखत की तलाशी में मोबाइल समेत कुछ आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद हुईं। तलाशी के दौरान निखत ने पुलिस टीम को देख लेने और परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। जिसके बाद महिला सिपाहियों द्वारा निखत को जेल के बाहर से हिरासत में ले लिया गया था। इस मामले में रगौली चौकी प्रभारी श्याम देव सिंह द्वारा कर्वी कोतवाली में जेल अधीक्षक अशोक सागर, डिप्टी जेलर, एक सिपाही, अब्बास की पत्नी निखत और उनके




ड्राइवर समेत पांच लोगों के खिलाफ धारा 387, 222, 186, 506, 201, 120बी समेत अन्य कई गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस को अब्बास अंसारी की पत्नी के पास से सऊदी अरब की कुछ मुद्राएं भी मिले हैं। मामले में हुई बड़ी कार्रवाई जेल में अनाधिकृत रूप से अब्बास अंसारी से पत्नी निखत अंसारी के मिलने के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। जेल अधीक्षक अशोक सागर, डिप्टी जेलर सहित आठ लोगों को निलंबित कर दिया गया है।

# चिकित्सक व पत्रकार डा.अजय तिवारी के बहन की शादी में भाजपा पदाधिकारियों चिकित्सकों व पत्रकारों का रहा तांता

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के प्रतिष्ठित चिकित्सक व देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व दैनिक स्वतंत्र चेतना समाचार पत्र के रिपोर्टर डॉ अजय तिवारी के पैतृक गांव हाथपाकड़ थाना अतरौली जिला अंबेडकरनगर में गुरुवार को दोपहर से ही भाजपा पदाधिकारियों सहित अन्य पार्टियों से संबंध रखने वाले अनेक पदाधिकारियों के साथ साथ कई पत्रकारों,चिकित्सकों सहित अन्य सम्मानित व्यक्तियों का आना जाना लगा रहा।जो देर रात तक चलता रहा।मौका था शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक के साथ–साथ पत्रकार डॉ अजय तिवारी की बहन की शादी समारोह का। मालूम हो कि उनके बहन की शादी गुरुवार को उनके पैतृक गांव से थी। इस मौके पर सुबह से अयोध्या जिले के अलावा अम्बेडकर नगर जिले से भाजपा के दो दर्जन से अधिक पदाधिकारियों के अलावा अन्य पार्टियों के अनेक पदाधिकारियों के साथ साथ अयोध्या जिले से अधिक संख्या में पत्रकारो के साथ साथ भारी संख्या में अयोध्या व अम्बेडकर नगर जिले से भारी संख्या में चिकित्सकों ने उनके घर आकर अपना आशीर्वाद दिया।इस मौके पर अयोध्या जिले के गोशाईगंज से पूर्व विधायक रहे इन्द्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी के साथ साथ मिथलेश त्रिपाठी जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अम्बेडकर नगर,पवन सिंह पिंटू सदस्य जिला पंचायत कटेहरी अम्बेडकर नगर, रमेश पाण्डेय आयुक्त वाणिज्य कर लखनऊ, भाजपा नेत्री नीतू तिवारी अम्बेडकर नगर सहित भारी संख्या में भाजपा पार्टी के अलावा अन्य पार्टियों के पदाधिकारियों ने आकर वर वधू को अपना आशीर्वाद दिया।अयोध्या के अलावा आसपास जिलो के अनेक





चिकित्सकों ने डाक्टर अजय तिवारी के घर आकर अपना आशीर्वाद दिया।इस मौके पर डॉ गौरव उपाध्याय,डॉ कृतांत सिंह, डॉ तपन चौधरी, डाक्टर अनूप तिवारी,डॉ मनोज सैनी,अनिल श्रीवास्तव,डॉ मनोज सैनी,डॉ पवन पाण्डेय, डॉक्टर पवन वर्मा,सुजीत मौर्य,डॉ पवन श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में चिकित्सक मौजूद रहे।वही पत्रकारों में खासकर दैनिक स्वतंत्र चेतना समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ के के मिश्रा,देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र ब्यूरो चीफ/दैनिक स्वतंत्र चेतना रिपोर्टर अयोध्या राजेश श्रीवास्तव, नगर संवाददाता अयोध्या देश की उपासना अमित कुमार मणि त्रिपाठी, डाक्टर आलोक श्रीवास्तव नगर संवाददाता,डीकेयू चौनल अयोध्या ब्यूरो चीफ सुरेन्द् कुमार,शैलेंद्र तिवारी,रवि यादव, दुर्गेश सिंह,समाजसेवी प्रदीप तिवारी,अतुल तिवारी,सपा नेता अमित यादव सहित कई सम्मानित लोगों ने उनके आवास पर आकर वर वधू को अपना आशीर्वाद दिया।

# सीएमओ सहित अन्य अधिकारियों ने फाइलेरिया दवा खाकर किया एमडीए अभियान का शुभारंभ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कलेक्ट्रेट सभागार में भू राजस्व अधिकारी शशि धर मिश्रा व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने जनपद से फाइलेरिया रोग उन्मूलन के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान का शुभारंभ फाइलेरिया रोगी दवा खाकर किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि भू राजस्व अधिकारी ने उपस्थित समूह के साथ साथ जिले से फाइलेरिया रोग के पूर्ण उन्मूलन के लिए फाइलेरिया संकल्प दिलाया कि हम सब संकल्प लेते हैं कि हम फाइलेरिया बीमारी को खत्म करने में अपना सहयोग देंगे,10 फरवरी 2023 से प्रारम्भ हो रहे मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा, स्वास्थ्य कर्मी एवम आशा दीदी के निर्देशानुसार उनके सामने खायेंगे।वही घर के अन्य सदस्यों और अपने गांव और मोहल्ले के लोगो को दवा खाने के लिए प्रेरित करेंगे।हमारा संकल्प लोगों को फाइलेरिया से मुक्ति दिलाना है।इस अवसर पर जिला कुष्ठ अधिकारी, नोडल अधिकारी बीबीडी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम, मंडलीय समन्वयक एनयूएचएम, नोडल अधिकारी आयुष्मान, उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी,फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, एपिडेमियोलॉजिस्ट के साथ साथ सहयोगी संस्था पाथ और पीसीआई के प्रतिनिधियों सहित अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।वही इस अभियान के शुभारंभ के साथ साथ सभी जिला स्तरीय




चिकित्सालय, सीएचसी, पीएचसी और उपकेन्द्र स्तर भी अभियान का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी जनपदवासियों से अपील की कि ऐसे सभी पात्र बच्चे, बड़े और बुजुर्ग फाइलेरिया रोगी दवा इस अभियान में जरूर खाएं। इस अभियान के अन्तर्गत स्वास्थ्य कर्मी जनपद के हर घर दवा खिलाने जाएंगे। हम सभी को जनपद से फाइलेरिया रोग का पूर्ण उन्मूलन किया जाना है।वही इसी कड़ी में जिला चिकित्सालय परिसर स्थित फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी अयोध्या कार्यालय में संचालित बूथ का शुभारंभ प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ०सी०बी०एन०त्रिपाठी ने फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी डी०के०श्रीवास्तव के हाथों दवा खा कर किया।जिला चिकित्सालय परिसर स्थित फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी अयोध्या कार्यालय में संचालित बूथ का शुभारंभ प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ०सी०बी०एन०त्रिपाठी ने फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी डी०के०श्रीवास्तव के हाथों दवा खाकर किया।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं को महिला चिकित्सक द्वारा मिल रहा लाभ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गुरुवार को अयोध्या जिले के कुल 14 सीएचसी पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन हुआ।इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने बताया कि जिले के 11 ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय सीएचसी पर इस अभियान का आयोजन किया जा रहा है।अब तक कुल 14 सीएचसी जिनमें गोसाईगंज,हैदरगंज और सुनवा सीएचसी पर भी इसका आयोजन प्रारम्भ कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा गर्भवती महिलाओं को अभियान के अन्तर्गत विशेषज्ञ महिला चिकित्सकों का लाभ प्राप्त होगा। इस अभियान में प्रत्येक गर्भवती महिला की कम से कम एक जांच विशेषज्ञ महिला चिकित्सक की देखरेख में की जाएगी और इसके लिए सरकारी महिला चिकित्सकों के साथ साथ निजी महिला चिकित्सकों द्वारा भी सीएचसी पर सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि गर्भवती महिला की पैथालॉजी जांच के साथ साथ उनका निःशुल्क अल्ट्रासाउंड भी कराया जा रहा है। इसके लिए जनपद में पंजीकृत अल्ट्रासाउंड सेंटरों का सभी सीएचसी के साथ इंपैनल करा लिया गया है। इसअभियान के दौरान 157 महिलाओं का अल्ट्रासाउंड, 1547 हीमोग्लोबिन, ब्लड–प्रेशर, ब्लड–ग्रुप,शुगर,वजन,912महिलाओं एचआईवी, हेपेटाइटिस–बी व पेट दौरान गंभीर रक्ताल्पता पाई गयी। वही महिलाओं को आयरन –शुक्रोज लगाया गया तथा उन्हें दवा के नियमित सेवन के साथ–साथ विशेष देखभाल रखने और समय–समय पर चिकित्सीय परामर्श लेते रहने की सलाह दी गयी।

# जनपद अयोध्या में गुप्तारघाट के विकास व सौन्दर्यीकरण कार्यों का हुआ निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गुप्तारघाट के विकास/सौन्दर्यीकरण कार्यों का हुआ निरीक्षण, इस अवसर पर जिलाधिकारी ने गुप्तारघाट पर आने वाले लोगों के वाहनों को निर्धारित पार्किंगों में पार्क कराना सुनिश्चित करने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस हेतु उन्होंने अयोध्या विकास प्राधिकरण को पार्किंग स्थल तक वाहनों के ले जाने हेतु संकेतक/शाइनेजेज लगवाने के निर्देश दिये। अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा गुप्तारघाट व उसके आसपास कराये जा रहे सौन्दर्यीकरण कार्यो के फेज–1 व फेज–2 का 99 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके तहत 24 मीटर चौड़ा व 600 मीटर लम्बी स्मार्ट रोड का कार्य पूर्ण है। इसी के साथ यहां पर 31 दुकानों का भी कार्य पूर्ण है। जिलाधिकारी ने दुकानों के ऊपर छत पर रेस्टोरेंट प्लान करने हेतु नगर आयुक्त को निर्देशित किया ,इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पार्किंग स्थल के साथ ही पार्क का भी जायजा लिया। पार्क में लोटस पौण्ड, ओपेन एयर थियेटर, पाथ–वे (कुल लम्बाई लगभग 1 किमी0) आदि का फिनिशिंग कार्य किया जा रहा है। पूरे पार्क में आकर्षक वार्म लाइटें लगायी गयी है और पार्क को हरा भरा बनाने हेतु आकर्षक फूल एवं पेड़ पौधे लगाये गये है। दो रोटरी/चौराहों पर स्केपिंग किया जा चुका है जिस पर शीघ्र ही स्कल्पचर लगाया जायेगा जो एक आकर्षण का केन्द्र होगा ,इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण पार्क का भ्रमण किया तथा आगणन की विशिष्टताओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीके से अपेक्षित अवधि में समस्त कार्यो को अन्तिम रूप देने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा सम्पूर्ण क्षेत्र में निरन्तर साफ सफाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये।

# जनपद अयोध्या प्रशासन की कड़ी निगरानी में 133 परीक्षा केंद्रों पर 16 फरवरी से शुरू होगी बोर्ड परीक्षा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा जनपद अयोध्या में 133 परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया गया है। जिसमे हाई स्कूल के संस्थागत परीक्षार्थी तथा इंटरमीडिएट के संस्थागत परीक्षार्थी हाईस्कूल के व्यक्तिगत परीक्षार्थी तथा इंटरमीडिएट के व्यक्तिगत परीक्षार्थी विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा में सम्मलित होंगे। जिला प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों पर नकलविहीन एवं सुचितापूर्वक परीक्षा सम्पन कराने के लिए 133 स्टेटिक मजिस्ट्रेट (ब्लॉक स्तरीय अधिकारी) को नियुक्त किया है। जनपद में बोर्ड परीक्षा की निगरानी के लिए ऑफलाइन तथा ऑनलाइन कंट्रोल रूम बनाया गया है, और कंट्रोल रूम की निगरानी के लिए जनपद के प्रशासनिक अधिकारी को दायित्व सौपा गया है। इसी क्रम मे जनपद के यशश्वी DIOS राजेंद्र कुमार पांडे द्वारा 4 सचल दल बनाया गया है,जो पूरे जनपद में नकलविहीन परीक्षा सम्पन कराने के लिए निरन्तर परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करते रहेंगे,जिसमे 1 सचल दल के प्रभारी स्वयं क्प्ै होंगे तथा दूसरे सचल दल की प्रभारी लेखा अधिकारी माध्यमिक की तथा तीसरे सचल दल के प्रभारी राजकीय प्रधानाचार्य होंगे तथा चौथे सचल दल के प्रभारी के बीएसए होंगे। प्रत्येक सचल दल में 2 शिक्षक तथा 2 महिला शिक्षिका कार्यरत रहेंगी। इसी प्रकार जनपद में सेक्टर मजिस्ट्रेट जिनमे तहसीलदार,नायब तहसीलदार, जिला स्तर के अधिकारी नियुक्त किए गए है तथा बोर्ड परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से कराने के लिए जोनल मजिस्ट्रेट/DIOS/जिला स्तरीय अधिकारी नियुक्त किये गए है,जो सीधो अपनी रिपोर्टिंग DIOS अथवा DM अयोध्या को ससमय प्रेषित करते रहेंगे। बोर्ड परीक्षा प्रारंभ होने से पहले पेपर वितरण का दायित्व जिम्मेदार अधिकारी के निगरानी में प्रश्न पत्रों का वितरण सभी केंद्रों पर कराया जाएगा।माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री आलोक तिवारी ने वर्ष 2023 की बोर्ड परीक्षा में सम्मलित होने वाले सभी छात्र–छात्राओं को परीक्षा में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी है और जनपद के ,कर्मठी,ईमानदार क्प्व्ै को बोर्ड परीक्षा के कुशल प्रबंधन के लिए हार्दिक बधाई दी है तथा DIOS कार्यालय के परीक्षा पटल प्रभारी के कड़ी मेहनत की सराहना की है।

## एसबीआई बैंक द्वारा स्वयनिधि लोन वितरण मेले का किया गया आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या के सिविल लाइन स्थित एसबीआई बैंक के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय के प्रांगण में पीएम स्वयनिधि लोन मेले का आयोजन किया गया। यह गरीब पटरी दुकानदारों के लिए प्रधानमंत्री के योजना के अंतर्गत एक दिवसीय स्वयनिधी लोन मेले एसबीआई बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार यादव व डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अवधेश द्विवेदी के नेतृत्व में स्वयनिधि लोन मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में डूडा विभाग व एसबीआई बैंक के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस मेले में रेहड़ी पटरी दुकानदारो ने जिन्होंने बिजनेस करने को लेकर नगर निगम में अपना रजिस्ट्रेशन किया था। और पहला लोन लेकर भुगतान करने के बाद दूसरा लोन एसबीआई बैंक के द्वारा दिया गया है। जिसमें 135 लोगों ने आवेदन किया था। जो आज इस मेले में 102 लोग आये और पीएम स्वयनिधि लोन मेले का लाभ लिया। और जिन दुकानदारो ने अपना रजिस्ट्रेशन नगर निगम में कराकर अपना आवेदन किया है। उनको प्रधानमंत्री स्वयनिधि योजना के अंतर्गत एसबीआई बैंक के द्वारा लोन दिया जाएगा। वहीं कुछ रेहड़ी पटरी दुकानदारों ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा दिया जा रहा लोन कि दर काफी कम है इस लोन को के मूल्य को बढ़ाया जाए ताकि बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए छोटे दुकानदार अपना बिजनेस कर सकें। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार यादव एसबीआई डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अवधेश द्विवेदी गौरव श्रीवास्तव ए आर सागर सेल्स मैनेजर एसबीआई, डूडा ऑफिसर यामिनी रंजन वाह गरिमा सरोज आदि सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन ने पेड़ी गन्ना की पर्ची न मिलने से घेरा चीनी मिल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव दिनेश दुबे के नेतृत्व में किसानों ने रौजागांव चीनी मिल का घेराव करने पर गन्ना विभाग के अधिकारियों की नींद टूटी।किसानों ने बताया कि पेड़ी गन्ने की पर्ची सभी किसानों को अभी तक पूरी नहीं मिली है कुछ किसानों को एक भी पर्ची नहीं दी गई है जिससे किसानों में काफी आक्रोश व्याप्त है।किसानों का आरोप है कि बाहरी क्षेत्र का गन्ना धड़ल्ले से रोजा गांव चीनी मिल द्वारा खरीदा जा रहा है।गन्ना विभाग व प्रशासन मौन है। सेंटर के किसानों की १८ कुंतल मोड बना कर 100 कुंतल गन्ना तोला जा रहा है गेट के किसानों का मूड चेंज नहीं किया जा रहा है।जबकि शासनादेश के अनुसार एक बार मोड चेंज कराने का सभी किसानों का अधिकार है उसके बाद भी जिला गन्ना अधिकारी व सचिव मिल प्रबंधक के दबाव में नहीं कर रहे हैं।किसानों का शोषण मिल द्वारा किया जा रहा है।इंडेंट गेट का 11000 कुंतल दिया जा रहा है जब २८००००, 30000० कुंतल प्रतिदिन देना चाहिए।अतिरिक्त पर्शिया का इंडेंट बढ़ाया जाए। क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण तिवारी व उपजिलाधिकारी स्वप्निल यादव ने वार्ता कर किसानों को समझा–बुझाकर आज का धरना मिल गेट पर स्थगित करने को कहा और आश्वासन दिया कि 2 दिन में किसानों व जिला गन्ना अधिकारी व मिल प्रबंधक से वार्ता कर समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।श्री दुबे ने बताया कि एसडीएम रुदौली ने समाधान दिवस में किसानों की समस्याओं का समाधान कराने का निर्देश जिला गन्ना अधिकारी आदि को दिया था उसके बाद भी गन्ना विभाग मौन था आज किसान व किसान नेता जीएम केन इकबाल सिंह से वार्ता कर कुछ ज्वलंत समस्याओं का निस्तारण करवाया उसके बाद आज का धरना स्थगित कर दिया गया है।

# जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय के हस्तक्षेप से प्राथमिक शिक्षक संघ का धरना स्थगित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा वित्त एवम लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा कार्यालय पर दिनांक 10 फरवरी से शिक्षकों का वेतन भुगतान ससमय न किए जाने वेतन भुगतान की तिथि नजदीक आते ही नए–नए नई–नई रंगबाजी करने शिक्षकों के अग्रिम आयकर कटौती को सात समय उनके 26 ऐसे अकाउंट में पोस्ट न कराए जाने वर्षों से लंबित शिक्षकों के अवशेष देखो का भुगतान न करने मनमाने ढंग से वकम अवशेष वेतन एरियर का भुगतान करने जैसी गंभीर समस्याओं के निराकरण न किए जाने से क्षुब्ध होकर धरने का ऐलान किया था जिसके पश्चात आनन–फानन में वित्त एवं लेखा अधिकारी रविंद्र सिंह द्वारा वेतन भुगतान करते हुए अवकाश ले लिया गया जिस क्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय द्वारा शिक्षक प्रतिनिधियों को बुलाकर वार्ता की गई एवं उनके द्वारा लेखाधिकारी से दूरभाष पर वार्ता एवं समस्याओं के समय बद्ध ढंग से निस्तारण के लिखित आश्वासन के क्रम में जिला कार्यसमिति द्वारा दिनांक 10 फरवरी 2023 को प्रस्तावित लेखा कार्यालय पर धरने को स्थगित कर दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय ऑडिटर नीलमणि त्रिपाठी जिला मंत्री डॉक्टर चक्रवर्ती सिंह जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भारती पूरा अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता व रुदौली ब्लॉक के मंत्री सत्येंद्र पाल सिंह सोहावल ब्लॉक के मंत्री समीर सिंह उपस्थित रहे।

# सोहावल तहसील में भ्रष्टाचारी लेखपाल घूस लेते गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) एंटी करप्शन की टीम ने दाखिल खारिज के मामले में शिकायत पर मसौधा क्षेत्र के लेखपाल दिनेश चौरसिया को एक हकबरारी के मामले मे नाप जोख करने के लिए 3000 घूस लेने के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। कैंट थाने में एफ आई आर दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। एसडीएम सुहावल ने भी लेखपाल के पकड़े जाने की पुष्टि की है इसके पूर्व सोहावल तहसील के कानूनगो नरसिंह नारायण लाल श्रीवास्तव को एक हक बरारी के मामले में 4000 घूस लेने के मामले में एंटी करप्शन ने रंगे हाथ पकड़ कर जेल भेज दिया था। इन सबके लिए जिम्मेदार अधिकारी सोहावल तहसील के तहसीलदार पवन कुमार गुप्ता काफी दिनों से तहसील में जमे हुए हैं। जबकि इनकी गड़बड़ कार्यों की लंबी चौड़ी शिकायतों की फेहरिस्त के आधार पर प्रदेश के न्याय प्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भाजपा के वरिष्ठ नेता बबलू मिश्रा ने किया था।इसकी जांच रिपोर्ट भी शासन को प्रेषित की गई है। परंतु अभी तक वर्तमान तहसीलदार जिनकी छत्रछाया में सोहावल तहसील मे भ्रष्टाचार फल फूल रहा है तहसील में जमे हुए हैं और जनता का लगातार शोषण हो रहा है।

## रामचरितमानस है अद्भुत सर्वकालिक ग्रंथ –राघव चरण अनुरागी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) खंडासा थाना क्षेत्र के मोहली गांव स्थित संत भीखा दास की कुटी पर आयोजित अमर राम कथा की शुरुआत करने से पहले मानस मर्मज्ञ राघव चरण अनुरागी हरिओम तिवारी नेआज वहां उपस्थित सभी श्रोताओं को श्री रामचरितमानस की प्रतियां उपलब्ध कराएं तथा इसे प्रतिदिन पढ़ने के लिए श्रद्धालुओं से अनुग्रह किया प कथा व्यास हरिओम तिवारी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस गृहस्थ संतो विद्वानों तथा आम जनमानस को सामाजिक व्यवहार के प्रति जागरूक करता है उन्होंने बताया परिवार में माता का पिता से पिता का पुत्र से पुत्र का भाई से भाई का बहन से कैसे संबंध रखना चाहिए इसका विस्तृत रूप से वर्णन है तथा आम जनमानस यदि रामचरितमानस के दिखाए गए रास्तों पर चलना शुरू कर दे तो जीवन व समाज में किसी तरह की समस्या ही नहीं रह जाएगी। उन्होंने बताया मनुष्य यदि चाहे तो अपने आचार विचार व व्यवहार से अपने दोस्तों दुश्मनों के साथ ही देवताओं को भी अपने बस में कर सकता है उन्होंने बताया की संयमित व्यक्ति वास्तव में बहादुर होता है और संयम लाने के लिए उत्कृष्ट व्यवहार का आदान–प्रदान होना जरूरी है । श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया समाज में कोई व्यक्ति छोटा बड़ा नहीं होता, कपि श्रेष्ठ हनुमान जी ने मर्यादा पुरुषोत्तम का केवल दास धर्म का पालन करके दुनिया में महाबली के नाम से प्रचलित हो गए भगवान राम के छोटे भाई महाराज भारत ने भाई के वियोग में राजपाट छोड़कर 14 वर्ष तपस्वी बनकर जीवन का निर्वहन करके अजर अमर बन गए । ज्ञातव्य हो की कथा व्यास हरिओम तिवारी की हृदयस्पर्शी सरल भाषा में कथा सुनने के लिए अड़ोस पड़ोस के दर्जनों गांवों के लोग प्रतिदिन इकट्ठे हो रहे हैं।

## उपनिदेशक कृषि ने क्षेत्र भ्रमण कर देखा फसलों की प्रगति का हाल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उपनिदेशक कृषि अयोध्या डा संजय कुमार त्रिपाठी नेप्रक्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत बोई गई फसलों का निरीक्षण किया फसलों का निरीक्षण करने के बाद उपस्थित किसानों का मार्गदर्शन करते हुए उन्होंने कहा कि मौसम यदि अनुकूल रहा तो फसलों की पैदावार अच्छी होगी उन्होंने माहू रोग के नियंत्रण के लिए किसानों को सजग करते हुए इसकी पूर्व में तैयारी करने की बात भी कही अमानीगंज विकासखंड के मऊ बांस गांव निवासी प्रगतिशील किसान उमानाथ शुक्ला के खेतों पर वैज्ञानिक ढंग से बोई गई गेहूं चना और सरसों की फसलों का निरीक्षण करते हुए डॉक्टर त्रिपाठी ने कहा कि फसलों में विविधीकरण और वैज्ञानिक तरीकों का प्रयोग करके किसान अपनी आय को दोगुना कर सकते हैं पारंपरिक खेती से आधुनिक खेती की ओर बढ़ रहे किसान अब अपनी आमदनी बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं उनके साथ अमानीगंज विकासखंड के बीज गोदाम प्रभारी सत्रोहन पांडे तकनीकी सहायक अंकुर सिंह प्रगतिशील किसान उमा नाथ शुक्ला समेत अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## ज्वैलर्स की दुकान से टप्पेबाज ने उड़ाए दस लाख के आभूषण

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।मिल्कीपुर–अयोध्या। ज्वैलर्स की दुकान पर ग्राहक बनकर आए टप्पेबाज ने लगभग 10 लाख कीमत के जेवर पार कर दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी। कुमारगंज कस्बा स्थित खंडासा मोड़ पर प्रेम कुमार सोनी की सोनी ज्वेलर्स एंव बर्तन भण्डार के नाम से दुकान है, सुबह लगभग 10.30 बजे एक युवक ग्राहक बनकर आया और ओम लिखा हुआ सोने की लाकेट दिखाने को कहा। दुकानदार ने लाकेट दिखाई तो युवक ने कहा कि यह छोटी लॉकेट है, हमको एक ग्राम की लॉकेट और चाहिए , तो दुकानदार ने कहा और नहीं है, दो दिन बात आना आपको लाकेट मिल जाएगी ,तो उसने पीतल की कटोरी, लोटा, चम्मच खरीदने की बात कही,तो दुकानदार ने उक्त बर्तन को दिया, टप्पेबाज ने बर्तन का पैसा देते हुए पीतल की बड़ी प्लेट दिखाने को कहा जब दुकानदार प्रेम सोनी प्लेट निकालकर दिखाया तो उसने कहा कि बगल की दुकान पर मेरी बहन है। उसको भी बुला कर दिखा दे यह कहकर दुकान से खरीदे गए बर्तन को भी छोड़ कर चला गया। जब दुकानदार ने काउंटर में रखे आभूषणों के डिब्बे को नहीं देखा, तो सन्न रह गया। अगल बगल की दुकानों पर युवक की तलाश की लेकिन जब कोई पता नहीं लगा तो जोर जोर से चिल्लाने लगा आवाज सुनकर जब अन्य दुकानदार पहुंचे तो वह घटना की जानकारी 112 पुलिस व थाना कुमारगंज पुलिस को दी।पीड़ित दुकानदार प्रेम कुमार सोनी ने पुलिस को बताया कि आभूषण लगभग दस लाख रुपए कीमत के थे। सामान खरीदने आए युवक ने गल्ले में रखें आभूषण के डिब्बे को निकाल लिया। प्रभारी थानाध्यक्ष शंकर लाल यादव ने बताया कि हुलिए के आधार पर टप्पेबाज की तलाश की जा रही है। सराफ की दुकान पर कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा था, रोड़ के आस पास भी कोई कैमरा नहीं लगा है। फिलहाल मैं क्राइम मीटिंग में हूं, लौटने के बाद जांच पड़ताल की जाएगी फिलहाल अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# रोडवेज बसों का किराया बढ़ोतरी को लेकर सपा के दिव्यांग नेता पंडित समरजीत ने भीख मांग कर जताया विरोध

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पंडित समरजीत ने कहां– आज उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रोडवेज बसों का 25 प्रतिशत मूल्यवृद्धि बढ़ा कार सफर कर रहे गरीबों के ऊपर सरकार ने महंगाई का हथोड़ा चलाया है। भाजपा सरकार में चारों तरफ मूल्य वृद्धि की आंधी आई हुई है जिसमें गरीब और आम जनता को महंगाई की आंधी ने तबाही के कगार पर पहुंच गया है। और जैसे–जैसे जनता महंगाई से चिल्लाती है वैसे वैसे सरकार का बार–बार महंगाई का हथोड़ा जनता पर पड़ता जा रहा है और सरकार एसी में बैठ कर गरीब जनता को महंगाई की चक्की में पीसती जा रही है चली जा रही है। और रोडवेज बसों का भाड़ा बढ़ते ही प्राइवेट सवारी गाड़ियों मैं सफर कर रहे लोगों से मनमानी किराया लिया जा रहा है। जिससे सरकार किराया नियंत्रण करने में विफल हो गई है जिसका खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा है। कार्यक्रम में सुरेंद्र सिंह, मोहनलाल, राजित राम, विनायक कुमार आदि उपस्थित रहे।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।